अहमदाबाद काउंटर मैग्नेट सिटी योजना हेतु धनराशि

4404. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1990 से 1996 के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा गुजरात को अहमदाबाद काउंटर मैग्नेट सिटी परियोजना के लिए वर्ष-वार कितनी धनराशि प्रदान की गई;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत कुल कितने गांवों को लाया जाएगा और इस उद्देश्य के लिए कितनी एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या अहमदाबाद की झोपड़-पट्टी बस्तियों को इस परियोजना में शामिल किया जाएगा; और

(घ) इस परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० यू० वेंकटेश्वरलू): (क) अहमदाबाद सानी शहर (काउण्टर मैग्नेट शहर) के लिए केन्द्र सरकार ने गुजरात सरकार को धनराशि मुहैया नहीं करायी है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

गुजरात में शहरी गरीब व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाएं

4405. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शहरी गरीब व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात के कितने शहरों में विकास कार्य किए गए हैं;

(ख) अहमदाबाद, राजकोट, गोधरा, जामनगर और भुज में उक्त योजना के अंतर्गत कितना विकास हुआ है;

(ग) इस उद्देश्य के लिए इन शहरों को वर्ष 1994-95 और 1995-96 के दौरान क्रमशः कितनी धनराशि आवंटित की गई; और

(घ) इस संबंध में किए गए विकास कार्यों का शहर-वार ब्यौरा क्या है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० यू० वेंकटेश्वरलू): (क) निर्धनों के लिए शहरी बुनियादी सेवा योजना (यूबीएसपी) के तहत गुजरात के 27 कस्बों को शामिल किया जा रहा है।

(ख) यूबीएसपी कार्यक्रम के अन्तर्गत अहमदाबाद तथा जामनगर कस्बे योजना के प्रारंभ से ही शामिल किए गए हैं। गोधरा तथा भुज कस्बे हाल ही में कार्यक्रम में शामिल किए गए हैं। अतः इन कस्बों में कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए प्रारंभिक कार्य किया जा रहा है। राजकोट कस्बा कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल नहीं है। सामाजिक क्षेत्र की अन्य योजनाओं की भांति इस योजना के तहत शहरी निर्धनों के लिए दक्षता उन्नयन योजना, स्वरोजगार तथा आय-सृजन कार्यकलाप, शिक्षा तथा स्वास्थ्य की जानकारी देने वाले कार्यक्रम, मां तथा बच्चे की देखभाल, प्रसव पूर्व तथा इसके बाद चिकित्सा इत्यादि जैसे विकास कार्यकलापों का प्रावधान है।

(ग) जैसा कि उपर्युक्त भाग (ख) के उत्तर में बताया गया है, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान केवल अहमदाबाद तथा जामनगर नगरों में ही यूबीएसपी कार्यक्रम लागू हैं। इन कस्बों को आवंटित धनराशि इस प्रकार है:—

(रुपए लाखों में)

	1994-95	1995-96
अहमदाबाद	11.96	12.94
जामनगर	4.76	4.13

(घ) इन दोनों नगरों द्वारा 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान की गई प्रगति का कार्यकलाप-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I तथा II में दिया गया है।

विवरण-I

अहमदाबाद तथा जामनगर यूबीएसपी कस्बों में 1994-95 के दौरान किए गए कार्यकलापों तथा शामिल लाभार्थियों की संख्या दर्शाने वाली सूची

क्रम सं॰	किए गए कार्यकलाप	अहमदाबाद		जामनगर	
		किए गए कार्यकलापों की संख्या	लाभार्थियों की सं॰	किए गए कार्यकलापों की सं॰	लाभार्थियों की संख्या
1.	बालवाड़ी	13	455	7	305
2.	सिलाई कक्षा	12	300	12	210
3.	बुनाई कढ़ाई कक्षा	3	65	2	14
4.	टाईप कक्षा	5	200	1	24
5.	एन एफ ई प्रौढ़-रात्रि कक्षा	19	380	9	165
6.	ट्यूशन कक्षा	3	75	14	452
7.	खिलौना पुस्तकालय बाल पुस्ता॰	5	250	11	318
8.	स्वास्थ्य कार्यक्रम	18	10800	39	2110
9.	खेल कार्यकलाप	1	50	—	—
10.	रोजगार प्रशिक्षण	9	270	—	—
11.	अन्य	22	10920	5	124
	योगः	110	23765	100	3782

विवरण-II

अहमदाबाद तथा जामनगर यूबीएसपी कस्बों में 1995-96 के दौरान किए गए कार्यकलापों तथा लाभार्थियों की संख्या दर्शाने वाली सूची

क्रम सं॰	किए गए कार्यकलाप	अहमदाबाद		जामनगर	
		किए गए कार्यकलापों की संख्या	लाभार्थियों की सं॰	किए गए कार्यकलापों की सं॰	लाभार्थियों की संख्या
1.	टीकाकरण	210	4550	170	1209
2.	पोषण	272	2800	4	200
3.	बाल स्वास्थ्य	172	1650	18	708
4.	मातृस्वास्थ्य	180	2850	18	478
5.	पूर्व-विद्यालय शिक्षा	78	5325	13	349
6.	बुनियादी शिक्षा	10	5425	68	1764
7.	एन एफ ई	18	1850	—	—
8.	प्रौढ़ शिक्षा	27	405	—	—

क्र०सं०				दी गई अंतिम राशि	
9.	आय सृजन कार्यकलाप	240	5120	30	764
10.	वास्तविक सुविधा	110	1745	—	—
11.	गैर सरकारी संगठनों को सहायता	18	735	—	—
12.	विषम परिस्थितियों में बच्चे	210	140	—	—
	योग:	1547	32595	321	5560

विदेशी सहायता से गंदी बस्तियों का सुधार

4406. **श्री अजीत जोगी:**
श्री राधाकिशन मालवीय:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विदेशी सहायता से गंदी बस्तियों का विकास किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार तथा शहर/कस्बा-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस समय देश में चलायी जा रही गंदी बस्ती सुधार परियोजनाएं कौन-कौन सी हैं और उन पर कितना धन व्यय किया गया; और

(घ) वर्ष 1996-97 के दौरान (31 दिसम्बर, 1996 तक) कितनी परियोजना को पूरा कर लिया गया और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० यू० वेंकटेश्वरलू): (क) जी, हां।

(ख) से (घ) संबंधित जानकारी संलग्न विवरण-I तथा II में दी गई है।

विवरण-I

विदेशी सहायता वाली स्लम सुधार परियोजनाएं

ओवरसीज डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन (ओडीए) यू०के० की सहायता वाली परियोजनाएं

1. *आंध्र प्रदेश*
   (क) हैदराबाद पर्यावास सुधार परियोजना
   (ख) विशाखापट्नम पर्यावास सुधार परियोजना
   (ग) विजयवाड़ा स्लम सुधार परियोजना

2. केरल
   (क) कोचीन शहरी गरीबी उपशमन परियोजना।

3. मध्य प्रदेश
   (क) इन्दौर पर्यावास सुधार परियोजना

4. उड़ीसा
   (क) कटक शहरी गरीबी उपशमन परियोजना।